**गद्यांश को पढ़कर नीचे दी प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए**

मैं जिस मकान में ठहरा उसके सामने एक पहाड़ी पेड़ खड़ा था | हवा के तेज झोंको से वह पूरा हिल जाता झुक जाता था | हवा हल्की होने पर फिर सीधा हो जाता था - हाँ पेड़ की जड़ सदा स्थिर रहती थी | यूँ ही देखते-देखते मेरा ध्यान एक ठूँठ पर गया | वह हवा के तेज़ झोंको में भी स्थिर खड़ा था | शक्ल-सूरत में वह मुर्दे के समान निर्जीव था | मन में दो शब्द गूँजने लगे - 'न हिलना न झुकना' | मन में आया परिस्थितियों के सामने न हिलना और न झुकना ही वीरता है | परंतु ठूँठ की ओर देखा - वह वीर कहाँ, वह तो ठूँठ है, मृतक है | जो जीवित है वह हिल रहा है | जो मृतक है वह स्थिर है | वास्तव में परिस्थितियों से समझौता करना ही जीवन है | विश्व की भाषा है - दे-ले | विशव की जीवन प्रणाली है - कह-सुन | विश्व की यात्रा का पथ है - मान-मना | इन तीनों का समन्वय है जीवन-हिलना-झुकना और समझौता समन्वय | जिसमें यह नहीं है, वह जड़ है; भले ही वह ठूँठ की तरह निर्जीव हो या रावण की जिद्दी | उलझन है, हिलना-झुकना समझौता करना ही महत्वपूर्ण है या स्थिरता और दृढ़ता का मूल्य अधिक है |

(क) पहाड़ी पेड़ पर हवा हल्की का क्या प्रभाव पड़ता था ?

a) वह झुक जाता था　　b) वह पूरा हिल जाता था

c) वह फिर से सीधा हो जाता　　d) वह स्थिर खड़ा रहता था

( ख) ठूँठ किन स्थितियों में भी खड़ा रहता था ?

a) हवा के तेज़ झोंको में　　b) स्थिर हवा में

b) c) हल्की हवाओं में　　d) हवा की सामान्य गति

( ग) विश्व की भाषा क्या है ?

a) हिल - डुल　b) लेन-देन　c) दे-ले　d) झुकना - समझौता करना

( घ) जिसमें हिलना-झुकना-समझौता समन्वय नहीं किया वह किसकी तरह जिद्दी है ?

a) रावण की तरह　b) ठूँठ की तरह　c) जीवन की तरह　d) पहाड़ी पेड़ की तरह

( ड ) जीवन की असली बात क्या है ?

a) झुकना और समझौता करना　　b) व्यवहार में समझौता - सिद्धांत में दृढ़ता

c) हिलना और झुकना　　d) मानना- मनवाना

LIVEWORKSHEETS